# विभागों की फ्लैगशिप योजनाओं, कार्यक्रमों और लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की

**सीकर,** (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागों की फ्लैगशिप योजनाओं, कार्यक्रमों और लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे कार्यों की गति बढाएं, योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करें तथा जनसुनवाई से संबंधित प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिला कलेक्टर ने राजस्थान संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण, ई-फाइलों के समयबद्ध निपटारे और बजट घोषणाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए।



सीकर में जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

जिला कलेक्टर ने पीएचईडी, एवीएनएल, शिक्षा, पीडब्ल्यूडी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, कृषि, सहकारिता, नगर परिषद, वन, पशुपालन सहित अन्य विभागों के कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की। उन्होंने पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों की अनुपालना की समीक्षा करते हुए कम प्रगति वाले विभागों को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। संपर्क पोर्टल, जन सुनवाई और ई-फाइलिंग की निस्तारण पर विशेष ध्यान देते हुए अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने ऊर्जा विभाग को आरडीएसएस में 174 में से 131 पर कार्य चल रहा है जिसे बढ़ाने,पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल शिविरों में विद्युत के ढीले तारों को कसवाने,जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को पेयजल कनेक्शन 562 हुए हैं जिसमें और गति लाने तथा पेयजल टंकियों की सफाई करवाने,पेयजल के लिकेज टीक करवाने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर शर्मा ने एमजेएसए 0.2 में शत-प्रतिशत कार्य शुरू करवाने, तथा प्रत्येक दिन कार्य शुरू होने की प्रगति से जिला कलेक्टर को अवगत कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार की फ्लेगशीप योजनाओं की हर सप्ताह समीक्षा की जाएगी तथा अधिकारी पूर्ण तैयारियों के साथ बैठक में आए। उन्होंने रसद विभाग को खाद्य सुरक्षा योजना में डप्लीकेट अपीले है उनका सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग से समन्वय कर हटाने, कृषि उद्यानिकी को फार्म पोण्ड में कृषकों की अधिकाधिक पत्रावलियों का निस्तारण करवाने, ग्रामीण विकास एवं पंचायतराज विभाग को अटल ज्ञान केन्द्र, सार्वजनिक निर्माण विभाग को अटल प्रगति पथ में कार्यों की प्रगति बढाने, नगर परिषद को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में स्वीकृत कार्यों को शीघ्र शुरू करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना में अग्रणी बैंक को ऋण आवेदन बैंकों से स्वीकृत करवाने, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को यूडीआईडी कार्ड जारी करने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर शिविर आयोजित कर दिव्यांगजनों का कार्ड जारी करवाने, 14 जनता क्लिनिक को शुरू करवाने, टीबी मुक्त भारत अभियान व बरसात के मौसम में मच्छरों की रोकथाम के लिए एण्टीलार्वा गतिविधियां जारी रखने के निर्देशित किया।

जिला कलेक्टर शर्मा ने सार्वजनिक निर्माण विभाग, आरएसआरडीसी को नवलगढ़ रोड़ से पिपराली रोड़ तक तथा शहर में बरसात से क्षितग्रस्त सड़कों के गड्ढे भरवाने,नगर परिषद को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग कार्यालय के पास बरसाती पानी भरने के स्थान पर मलबा डलाकर सही करवाएं व सबलपुरा पावर हाउस के पास एकत्रित होने वाले पानी की निकासी मडपंप लगाकर करवाने, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में 7 हजार 718 पेंशन सत्यापन से लम्बित प्रकरणों को ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारियों के माध्यम से निस्तारण करवाने के निर्देश दिए।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने वन विभाग को हरियालों राजस्थान में समस्त विभागीय अधिकारियों को अधिकाधिक पौधारोपण करवाने, शिक्षा विभाग को समस्त ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारियों को पौधारोपण का लक्ष्य आवंटित कर पौधारोपण की जीओ टेकिंग फोटो अपलोड़ करवाने, सरकारी स्कूलों में नामांकन बढ़ाने, शिक्षकों से शिक्षा विभाग के कंडक्ट रूल्स की पालना सुनिश्चित करवाने, महिला अधिकारिता विभाग को आईएम शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना के 80 लम्बित आवेदनों को बैंकों से स्वीकृत करवाने तथा कृषि विभाग को खाद-बीज की उपलब्धता रखने, खाद बीज की दुकानों पर छापामार कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर भावना शर्मा ने मुख्यमंत्री कार्यालय, लाइट्स पोर्टल रिप्लाई नोट फाईल के प्रकरण, डॉक्यूमेंट अपलोड़ और विभिन्न आयोगों से संबंधित लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण पर जोर दिया। बैठक में सीईओ जिला परिषद राजपाल यादव, यूआईटी सचिव जेपी गौड, अधीक्षण अभियंता विद्युत अरुण जोशी, सहायक निदेशक प्रशासनिक सुधार विभाग इंदिरा शर्मा सहित बैठक से जुडे संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहें।

## दीक्षांत समारोह संपन्न

**झुंझुनूं,** (निसं)। कृषि विभाग द्वारा आत्मा परियोजना के अंतर्गत देसी कोर्स द्वारा कृषि आदान विक्रेता प्रशिक्षण के लिए चलाए गए पंचम बैच का दीक्षांत समारोह सोमवार को संपन्न हुआ। इस अवसर पर समस्त 41 प्रशिक्षुओं को डिप्लोमा देकर फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस प्रशिक्षण बैच में एक विशेष बात यह थी कि रतेरवाल सीड्स के प्रोपराइटर कृष्ण कुमार शर्मा की पुत्रवधू अदिति शर्मा और उनके पति धीरज शर्मा के परिवार ने भी इस प्रशिक्षण में पिछले साल भाग लिया। उस वक्त गर्भ में पल रहे अदिति शर्मा के बेटे रुद्राक्ष भी प्रशिक्षण में अप्रत्यक्ष रूप से हिस्सा लिया। विभाग ने नन्हें रुद्राक्ष को भी सोमवार को फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया। आपको बता दें कि अदिति शर्मा की ट्रेनिंग के दौरान रुद्राक्ष गर्भ में ही था, विभाग ने रुद्राक्ष को भी सम्मानित करने का फैसला किया। रतेरवाल सीड्स के प्रोपराइटर कृष्ण कुमार शर्मा और उनके भाई अशोक शर्मा ने सबसे पहले सहदेव सिंह से ट्रेनिंग ली थी। अब उनके परिवार के अन्य सदस्यों ने भी सहदेव सिंह से ट्रेनिंग ली है। शर्मा की पत्नी रेणु शर्मा, बीटा धीरज शर्मा, पुत्रवधू अदिति शर्मा और गर्भ में पल रहे रुद्राक्ष शामिल हैं। इस तरह सहदेव सिंह पूरे परिवार के गुरु बन गए हैं। इस प्रशिक्षण बैच में महिलाओं की संख्या पुरुषों के बराबर थी, जिसने क्षेत्र के कृषि आदान व्यापार में महिला सशक्तिकरण में अहम भूमिका निभाई है। यह एक अच्छा संकेत है कि महिलाएं भी कृषि आदान व्यापार में अपनी भूमिका निभा रही हैं और आगे बढ़ रही हैं। दीक्षांत समारोह में रतेरवाल सीड्स चिड़ावा से रेनू शर्मा, अदिति शर्मा, मधु शर्मा, नीरू शर्मा, धीरज शर्मा, नंदकिशोर शर्मा, पियूष शर्मा, अजय शर्मा सहित सुशीला नूनियां, सुनिल कुमार गुढ़ागौडज़ी, अनिता देवी धुलवा, उमा देवी रघुनाथपुरा सहित 36 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लेकर डिप्लोमा प्राप्त किया।

## सार-समाचार

### विश्व शांति के लिए 10 सदस्य कावड़ लेने हरिद्वार रवाना हुए

**राजलदेसर** (निसं)। राजलदेसर कस्बे में शिव भक्त कावड मंडल की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिव भक्त मंडल के भक्तों के द्वारा हरिद्वार से कावड़ लाने के लिए पांडे शिवालय से 10 सदस्यों ने भगवान शंकर की पूजा अर्चना की एवं संघ के अध्यक्ष विकास चौरडिया, पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम चौधरी, जगदीश राजपुरोहित, संतोष सुथार , सुमित चौरडिया, राजेश मारू ने भगवान शंकर का जयकारा लगाकर संघ के विष्णु नाई घनश्याम मारू, दुर्गा दत्त पांडे, बृजेश पांडे, राजेश प्रजापत, जगदीश सैनी, सुभाष देवड़ा, राम रतनगढ, मदन शर्मा को रवाना किया। इस अवसर पर संघ के सदस्य विष्णु मारू ने बताया पूरे विश्व में सुख समृद्धि की कामना के लिए हर वर्ष हरिद्वार से कावड लेकर आते हैं जो राजलदेसर कस्बे के सभी शिवालय में भगवान शंकर को जलाभिषेक करके पूरे विश्व में खुशी की कामना करेंगे। संघ के जगदीश राजपुरोहित ने बताया लगातार 14 वर्षों से संघ के सदस्य हरिद्वार से कावड़ लेकर आते हैं ये सदस्य 11 जुलाई को हरिद्वार से पैदल रवाना होंगे जो 23 जुलाई को राजलदेसर कस्बे में पहुंचेंगे। राजलदेसर कस्बे में पहुंचने पर उनका बैंड बाजा के साथ जुलूस के रूप में कस्बे के सभी शिवालय में भगवान शंकर का जलाभिषेक किया जाएगा । साथ ही लोहार्गल से भी 26वीं बार संघ के सदस्यों की ओर से कावड़ लाकर भगवान शंकर को चढ़ाई जा रही है। 22 जुलाई को संघ के सदस्य लोहार्गल से भी रवाना होंगे।

### बावरिया जाति के लोगों को लेकर शिकायत की

**झुंझुनूं,** (निसं)। नांद और नांद का बास गांव के लोग सोमवार को झुंझुनूं पहुंचे। दरअसल गांव में पिछले 20 दिनों से झुंझुनूं-भीमसर रोड पर सड़क किनारे बावरिया जाति के लोगों ने डेरा डाल रखा है। वे अपने पशुओं को खुला छोड़ देते है। जो फसलों को खराब कर रहे है। टोकने पर मरने-मारने के लिए और गाली गलौच करने के लिए उतारू हो जाते है। गांव में पूरी तरह से अशांति का माहौल है। साथ ही इन बावरिया जाति के लोगों की गतिविधियां भी संदिग्ध है। गांव के जगदीश सिंह नांद ने कहा कि पहले भी कई बार उन्हें समझाया गया है। लेकिन वे समझने को तैयार नहीं। बस हर समय झगड़ने को तैयार रहते है। उन्होंने जिला कलेक्टर डॉ. अरूण गर्ग तथा जिला प्रमुख हर्षिनी कुलहरि से मिलकर इन बावरिया जाति के लोगों को गांव से दूर भेजने की मांग की है। साथ ही ग्रामीणों ने आशंका जाहिर की है कि यदि ये लोग गांव में रहेंगे तो कभी भी कोई भी अप्रिय घटना हो सकती है। क्योंकि इन लोगों से ग्रामीण बुरी तरह परेशान हो चुके है। जिला प्रमुख हर्षिनी कुलहरि ने आश्वस्त किया है कि प्रशासन से बात करके इन बावरिया जाति के लोगों को दूसरी जगह शिफ्ट करने के लिए कहा जाएगा।

### पूर्व सैनिकों ने विधायक को ज्ञापन सौंपा

**नवलगढ़,** (निसं)। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद तथा पूर्व सैनिकों ने झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू को ज्ञापन सौंपा। रेक्सको में सर्विस करने वाले सैनिकों के लिए ग्रेजुएटी की मांग जिले के पूर्व सैनिकों की ओर से ज्ञापन में ग्रेजुएटी का आदेश राजस्थान सरकार से पारित करवाने की मांग रखी गई। पूर्व सैनिकों ने विधायक को बताया कि राज्य सरकार ने वित्त वर्ष2025- 26 के बजट में घोषणा की थी कि विभागों में संविदा पर कार्य करते पूर्व सैनिकों को सेवा मुक्त होते ही एक मुस्त ग्रेजुएटी दी जाएगी। इस अवसर पर सैनिकों के लिए संचालित पॉलिक्लिनिक के आगे पानी के भराव को लेकर विधायक को ज्ञापन सौंपा गया और सोखता कुआं बनाने के लिए उनसे प्रार्थना की गई। इस अवसर पर कप्तान महेंद्रसिंह सेना मैडल रेक्सको, जिला संयोजक सूबेदार रामनिवास डूडी, जिलाध्यक्ष परिषद सूबेदार मेजर धर्मपाल सिंह भांबू, अध्यक्ष झुंझुनूं कैप्टन सीताराम धींवा, अध्यक्ष गुढ़ागौड़जी कैप्टन सुमेरसिंह बोला, कैप्टन प्रतापसिंह, कैप्टन विनोद कुमार, सूबेदार सुमेर महला, कैप्टन रामावतार, कप्तान राजपाल भांबू, रामेश्वर बाटड़, सूबेदार अमर सिंह तथा रेक्सको के सैनिक उपस्थित थे।

### सीकर में रिमझिम बरसात का दौर चला

**सीकर** (निसं)। शहर में सोमवार को सुबह से रिमझिम बारिश का दौर जारी है। वहीं रविवार रात से कई इलाकों में तेज बारिश का दौर जारी रहा। सबसे ज्यादा बारिश सीकर के खंडेला में करीब 120 एमएम रिकॉर्ड की गई है। यहां रात से हो रही तेज बारिश के चलते राईका नाला सुबह 5 बजे से उफान पर है। ऐसे में खंडेला से श्रीमाधोपुर जाने वाले रास्ते पर छाजना स्टैंड के पास नाला सड़क के ऊपर से बह रहा है, जिसके चलते आवागमन बंद है। सीकर में करीब 19 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई है। यहां भी नवलगढ़ रोड, फतेहपुर रोड सहित कई इलाकों में जलभराव हुआ है। जिसके चलते लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। मौसम एक्सपर्ट्स के मुताबिक फिलहाल आज सीकर में पूरे दिन बादलों की आवाजाही रहने के साथ बारिश हो सकती है। बादलों की आवाजाही के बीच यदि धूप निकलती है तो उमस भी हो सकती है। जयपुर मौसम केंद्र की ओर से सीकर में 8 से 10 जुलाई तक बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान सीकर में बारिश होने के साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती है। सीकर के कृषि अनुसंधान केंद्र फतेहपुर पर आज सुबह न्यूनतम तापमान 24.5 डिग्री दर्ज किया गया। इससे पहले यहां रविवार को न्यूनतम तापमान 25 डिग्री और अधिकतम तापमान 35 डिग्री दर्ज किया गया था।

### कल कलेक्ट्रेट सभागार में होगी किसान व कंपनी प्रतिनिधियों की बैठक

**झुंझुनूं,** (निसं)। 765 केवी ट्रांसमिशन लाइन प्रभावित किसान संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल अपनी मांगों को लेकर सोमवार को जिला कलेक्टर डॉ. अरूण गर्ग से मिला। इस दौरान जिला कलेक्टर को दिए ज्ञापन में किसानों ने कंपनी प्रतिनिधियों व प्रशासन की मिलीभगत का आरोप लगाया। संघर्ष समिति के प्रवक्ता कॉमरेड कपिल ऐचरा ने चेताया कि अगर किसानों की बात बिना सुने खेतों में प्रशासन व कंपनी प्रतिनिधियों ने घुसने की कोशिश की तो गांवों के लोग कलेक्ट्रेट का घेराव करेंगे। जब सीमेंट कंपनियों की तरफ जाने वाली रेल लाइन के लिए प्रभावित क्षेत्र के मध्य पंचायत सभागार में जनसुनवाई हो सकती है तो ट्रांसमिशन लाइनों के लिए प्रशासन अलग से जनसुनवाई क्यों नहीं करना चाहता। कलेक्टर ने नौ जुलाई बुधवार को शाम चार बजे कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक रखी है। उसके बाद संघर्ष समिति आगे के आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेगी। इस दौरान रामनाथ ऐचरा, महावीर देवगांव, विकास तोगड़ा, महेंद्र बास नानग, कुलदीप मांडासी सहित किसानों का प्रतिनीधिमंडल मौजूद रहा।

### शिक्षाविद धीरसिंह धाभाई को डॉक्टरेट की उपाधि

**झुंझुनूं,** (निसं)। निकटवर्ती गांव बीबासर निवासी शिक्षाविद धीरसिंह धाभाई को डॉक्टरेट की उपाधि दी गई है। राजकीय कन्या महाविद्यालय चूरू में इतिहास विषय के सहायक आचार्य पद पर कार्यरत डॉ. धीरसिंह धाभाई को मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय उदयपुर द्वारा डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई है। डॉ. धाभाई ने जयपुर राज्य में शिक्षा का विकास एक ऐतिहासिक अध्ययन (1901-1950 ई.) विषय पर अपना शोधकार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया। यह शोध कार्य इतिहासकार डॉ. मनीष श्रीमाली के निर्देशन में संपन्न हुआ। डॉ. धीरसिंह धाभाई ने अपनी साधना, संघर्ष और सतत प्रयास से न केवल अपनी अकादमिक पहचान बनाई, बल्कि अपने क्षेत्र का नाम भी शिक्षा-जगत में गौरवान्वित किया है। इन्होंने जयपुर राज्य में शैक्षिणक संस्थाओं का क्रमिक विकास, उनमें व्यापारिक घरानों का योगदान, महिला शिक्षा तथा शेखावाटी की इसमें भूमिका पर अपना शोध कार्य किया।

## सार-समाचार

### बीडीओ का जन्मदिन धूमधाम से मनाया

**रतनगढ़,** (निसं)। स्थानीय पंचायत समिति के विकास अधिकारी श्री जगदीश जी व्यास का स्टाफ के अधिकारी ओर कार्मिकों के द्वारा 58 वें जन्मदिन को कार्यालय में धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का संचालन दिलीप जी सोनी सहायक विकास अधिकारी के द्वारा करते हुए कार्यक्रम में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संदीप व्यास, उमेश जाखड़, सेवानिवृत लेखाधिकारी सफी मोहम्मद, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी मोहन सिंह, अतिरिक्त विकाश अधिकारी प्रेम कुमार,पुष्पेंद्र ओर सहायक विकास अधिकारी दिलीप सोनी एवं स्टाफ के सदस्यों के द्वारा जन्मदिन के संगीत के साथ केक काटकर सभी को मिठाई खिलाई गई और 101 गरीबों के लिए अन्नपूर्णा रसोई के कूपन जन्मदिन पे विकास अधिकारी के द्वारा भेंट किए ओर गायों को गुड खिलाया गया। जन्मदिन पे सभी ने ढेर सारी शुभकामनाएं ओर बधाई दी कार्यक्रम में राजेंद्र सुडा, हरीश जांगिड़,अनिल, कुलदीप, प्रोग्रामर राकेश प्रजापत,दिलीप,विकाश, मुकेश ग्राम विकास अधिकारी हेमंत सिंह पवन कड़वासरा,जुगल सिंह, कमलेश भास्कर, रेंद्रसिंह,कनिष्ठ सहायक राजेंद्र ,नंदन सिंह सहित सभी उपस्थित रहे।

### एबीएन स्कूल के दो विद्यार्थी सीए बने

**झुंझुनूं,** (निसं)। चूणा चौक राणी सती रोड स्थित झुंझुनूं प्रगति संघ मुंबई द्वारा संचालित आदर्श बाल निकेतन सीनियर सैकंडरी स्कूल झुंझुनूं के दो पूर्व विद्यार्थियों ने सीए परीक्षा पास कर विद्यालय, अपने परिवार व समाज का नाम रोशन किया है। विद्यालय प्रिंसिपल डॉ. अजय कुमार ने बताया कि विद्यालय के पूर्व छात्र रूपेश उदयपुरिया पुत्र अशोक उदयपुरिया ने कक्षा 12वीं तक की पढाई आदर्श बाल निकेतन सीनियर सैकंडरी स्कूल से की व पूर्व छात्रा रिया केडिया पुत्री अशोक केडिया ने अपनी उच्च प्राथमिक स्तर तक की पढ़ाई आदर्श बाल निकेतन सीनियर सैकंडरी स्कूल से की। दोनों ने सीए परीक्षा पास कर सीए बनने की उपलब्धि हासिल की है। इस शुभ अवसर पर विद्यालय कार्यकारिणी अध्यक्ष ताराचंद गुप्ता, सचिव परमेश्वरलाल हलवाई, श्रवण केजड़ीवाल, सीए पवन केडिया, सीए मनीष मित्तल, अमित जगनानी, हरिश तुलस्यान, संजीव मोदी एवं डॉ. डीएन तुलस्यान सहित समस्त विद्यालय स्टाफ ने दोनों विद्यार्थियों व उनके परिवारजनों को शुभकामनाएं दी।

### शिविर में 245 लोग लाभान्वित

**झुंझुनूं,** (निसं)। महावीर इंटरनेशनल सनराइज एवं अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय गोपीराम अग्रवाल की पुण्य स्मृति में उनके परिवार द्वारा नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन चावो दादी मंदिर झुंझुनूं में संपन्न हुआ। शिविर में टीबड़ा आई हॉस्पिटल टीम द्वारा रोगियों की आंखों की जांच कर निशुल्क दवाइयां एवं 105 चश्में वितरण किए। मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए आठ रोगियों को चयनित किया गया। कार्यक्रम में संस्था संरक्षक डॉ. एसएन शुक्ला, अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान, रीजन सेक्रेटरी महेश कुमार मूंड, जोन चेयरमैन नागरमल जांगिड़, जयप्रकाश शर्मा, बजरंगलाल अग्रवाल, देवेंद्र कुमार गौड़, पंकजकुमार जालान, सुमेरसिंह सिंह कर्णावत, प्रमोद कुमार शर्मा, अशोक कुमार शर्मा, प्रदीप कुमार शुक्ला, बिहारीलाल सैनी, रमेशचंद्र शर्मा, रूपेश खेतान, डॉक्टर्स टीम एवं काफी संख्या में गणमान्य जन एवं वीर वीराएं उपस्थित रहे।

### शिविर आज

**सीकर** (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत 8 जुलाई को उपखण्ड दांतारामगढ़ की ग्राम पंचायत रूपगढ़, खूड, पलसाना की लढाणा, किशनपुरा, शिश्यू, तहसील पाटन की बिहारीपुर, श्रीमाधोपुर की कल्याणपुरा थोइ,रामपुरा थोई पंचायत समिति अजीतगढ़ की मोकलवास, दीपावास, खण्डेला की जयरामपुरा, रलावता, पिपराली की बाजोर, मलकेड़ा, फतेहपुर की बलोद (भा.)गांग्यिासर, भींचरी, लक्ष्मणगढ़ की पालडी, खीरवा, लालासी, नेछवा की तूनवा,नेछवा, धोद की पेवा, मांडोता में प्रातः 9.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक शिविर आयोजित किये जायेंगे।

### रक्तदान कर बेटी का जन्मदिन मनाया

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। समीपवर्ती कुमास जाटान निवासी पंकज कस्वां ने रविवार को बेटी के चतुर्थ जन्मदिवस पर रक्तदान करके मनाया। इस दौरान पंकज कस्वां ने 40वीं बार रक्तदान किया। पंकज ने बताया कि खुशी के अवसर पर फिजूलखर्ची की बजाय इस प्रकार का कार्य करना चाहिए जिससे किसी का जीवन बचाने में छोटा सा सहयोग किया जा सके। सीकर के श्री कल्याण ब्लड सेंटर में डोनेशन के दौरान टेक्नीशियन नरेन्द्र बाजिया, रक्त मोटीवेटर बीएल मील, विनोद कुमार, हवलदार नैन, संदीप कटारिया, विकास जांगिड ने भी रक्तदान किया । इस अवसर पर हॉस्पिटल स्टाफ मौजूद रहा।

### पंचायत समिति की साधारण सभा कल

**तारानगर** (निसं)। तारानगर पंचायत समिति की साधारण सभा 9 जुलाई बुधवार को पंचायत समिति सभागार में प्रधान संजय कस्वां की अध्यक्षता में आयोजित होगी। जिसमें स्थानीय विधायक नरेन्द्र बुड़ानिया सहित जनप्रतिनिधि व उपखंड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहेंगे। बैठक में पानी, बिजली, शिक्षा, चिकित्सा, सड़क, कृषि सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा होगी।

# विभिन्न इलाकों में पौधारोपण किया

**झुंझुनूं,** (निसं)। सोमवार को विश्व हिंदू परिषद् एवं बजरंग दल झुंझुनूं के द्वारा सेवा सप्ताह कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।

इसी क्रम में बजरंग दल जिला संयोजक सुशील प्रजापति के सानिध्य एवं नगर संयोजक पिंटू कुमावत एवं सह संयोजक मनोज जादम के नेतृत्व में चिंताहरण बालाजी मंदिर नयाबास एवं गोगामेडी कुम्हारों की बगीची पर पौधारोपण कर सेवा सप्ताह बनाया गया।



चिंताहरण बालाजी मंदिर नयाबास एवं गोगामेडी कुम्हारों की बगीची पर पौधारोपण किया।

सुशील प्रजापति ने बताया कि पौधारोपण जैसे कार्यों को धर्म और सेवा का महत्वपूर्ण अंग है। वृक्ष न केवल जीवनदायिनी वायु देते है। बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण भी सुनिश्चित करते है। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया की वे न केवल वृक्ष लगाएंगे बल्कि उनकी नियमित देखरेख भी करेंगे।

इस मौके पर अशोक प्रजापति, रोहन सैनी, विजयकुमार सैनी, हरिश, सुनिल प्रधान, बाबूलाल हलवाई, घनश्याम, नरेश सैनी, अनिल सैनी, संदीप, प्रवीण सैनी, रोहित, गौतम, कार्तिक, तनिष्क, राहुल कुमावत, बाबूलाल कुमावत, अजय नायक, नरेश कुमावत, जितेंद्र कुमावत, बाला, मुरलीकाका व भारत कुमावत कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शिक्षा अधिकारियों ने अपने अधिकारों के लिये ज्ञापन दिया

**झुंझुनूं,** (निसं)। समस्त शिक्षकों एवं शिक्षा अधिकारियों के विभिन्न संगठनों द्वारा गत सरकार द्वारा मंत्रालय कार्मिकों को दिए गए अतार्किक आदेश को वर्तमान सरकार द्वारा अपास्त किए जाने के खिलाफ मंत्रालयिक संवर्ग द्वारा पुनःलागू करवाने के कुत्सित प्रयासों के विरोध में शिक्षा अधिकारियों ने अपने अधिकारों के रक्षण के लिए एवं पूर्व की तरह व्यवस्था लागू करवाने के लिए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया। शिक्षा अधिकारियों ने बताया कि राजस्थान राज्य के शिक्षक संगठन, जो पांच लाख शिक्षकों और शिक्षाधिकारियों का प्रतिनिधित्व करते हैं। जिसमें अध्यापक से लेकर अतिरिक्त निदेशक तक सम्मिलित हैं। इस पत्र के माध्यम से राज्यभर में सेवारत शिक्षकों और शिक्षाधिकारियों की भावनाओं को प्रस्तुत करते हैं।

बीकानेर स्थित शिक्षा निदेशालय में अनुभाग अधिकारी के रूप में सहायक निदेशक, ब्लॉक, जिला, एवं संभाग स्तर के अधीनस्थ कार्यालयों में सहायक निदेशक, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षाधिकारी जैसे पदों पर शिक्षाधिकारी विभागीय नियमानुसार पदस्थापित हैं। अन्य राज्यों में भी शिक्षक और शिक्षाधिकारी समान व्यवस्था के तहत विभागीय कार्यालयों में नियुक्त किए जाते हैं। साथ ही केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय जैसे प्रतिनिधि शैक्षिक संगठनों में भी शिक्षाधिकारी उच्च कार्यालयों में निर्णायक भूमिकाओं में कार्यरत हैं। वर्षों से सुस्थापित इस व्यवस्था के बावजूद, मंत्रालयिक संवर्ग के कार्मिक शिक्षकों और शिक्षाधिकारियों को दरकिनार कर उच्च अधिकारियों को सीधे पत्रावली संचालन की मांग करते हैं।

## वृक्षारोपण किया

**सीकर** (निसं)। लायंस क्लब द्वारा गोविंदम रिसोर्ट गोपीनाथ गौशाला में मानसून के सुनहरे मनभावन मौसम में 51 वृक्ष पौधे लगाए गए जो कि पर्यावरण और हरियाली के लिए आवश्यक घटक है।क्लब के अध्यक्ष मणि शंकर काबरा ने बताया कि इस वर्ष काफी संख्या में पौधे लगाए जाने की मेंबर्स की भावना है। क्लब सेक्रेटरी विनोद दाधीच ने बताया की लायंस क्लब पर्यावरण संरक्षण एवं पानी संरक्षण, मेडिकल सुविधाओं के कार्यों के लिए सदैव तत्पर रहती है। इस अवसर पर प्रोजेक्ट पर्सन सचिन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मनोज जालान,डॉ जे पी गोयल, शिवकुमार अग्रवाल,अशोक शर्मा, विनोद अग्रवाल आदि रहे।

# भाजपा नेता राकेश सहल के नेतृत्व में शहरवासियों ने पौधारोपण किया

**झुंझुनूं,** (निसं)। शहर के बिबाणी धाम स्थित बालाजी मंदिर में रविवार को विभिन्न तरह के 101 पौधे लगाए गए। पौधारोपण कार्यक्रम भाजपा के पूर्व शहर अध्यक्ष व पूर्व पार्षद राकेश सहल के नेतृत्व में शहर वासियों की भारी तादाद व मौजूदगी में आयोजित किया गया।



शहर के बिबाणी धाम स्थित बालाजी मंदिर में विभिन्न तरह के 101 पौधे लगाए गए।

जो कि पूर्व नियोजित था। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष व जिला प्रमुख हर्षिनी कुलहरि तथा भाजपा नेता विश्वंभर पूनियां भी मौजूद थे। जिन्होंने पौधारोपण किया। इस मौके पर हर्षिनी कुलहरि ने कहा कि भाजपा कार्यकताओं द्वारा एक पेड़ मां के नाम पौधे लगाकर अच्छा कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा पेमड लगाने चाहिए ताकि पर्यावरण सुरक्षित रह सके। इस दौरान विश्वंभर पूनियां ने बताया कि श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती पर भाजपा कार्यकर्ता एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम कर हरियालो राजस्थान में सहयोग कर रहे है तथा पेड़ लगाने का जो लक्ष्य है। उसको भी पूरा कर रहे हैं।

पूनियां ने भाजपा कार्यकर्ताओं को धन्यवाद भी दिया। इस मौके पर नगर मंडल अध्यक्ष कमलकांत शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश सहल, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष पवन पुजारी, संजय मोरवाल, अजय तिवाड़ी, गणेश तिवाड़ी, आईटी जिला संयोजक सौरभ सोनी, पार्षद चंद्रप्रकाश शुक्ला, विजय कुमार सैनी, प्रमोद जानूं, अजय चाहर, हरिकिशन शुक्ला, नगर महामंत्री विजयशंकर जोशी, नगर उपाध्यक्ष ताराचंद सैनी, विकास पुरोहित, जगदीश गोस्वामी, रामनिवास सैनी, चंद्रप्रकाश जोशी, अशोक जोशी, सुरेंद्र जोशी, पुरुषोत्तम खाजपुरिया, राजेंद्र पांडे, उमाशंकर महमिया, नवल स्वामी, शिवचरण पुरोहित, पंकज बावलिया, जयप्रकाश चौधरी, प्रवीण स्वामी, पंकज टेलर, महेंद्र सोनी, अमित पांडे, लीलाधर पुरोहित, अनिल जोशी, रामगोपाल महमिया के अलावा विप्र सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश बसावतिया सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


कार्यालय नगरपालिका मण्डल, राजगढ़ (चूरू)

E-Mail Address-ounp.adipat yahoo.in, Fax & Phone 01559-222009

क्रमांक-न.पा.रा./2025-28/2287-90 दिनांक-07/07/25

आपति सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदन पत्रों के द्वारा पट्टा नामान्तरण/तामिर स्वीकृति आवेदन किया गया है। जिस किसी व्यक्ति को इस सबंध में आपति हो वह विज्ञिप्त प्रकाशन के सात दिवस में नगरपालिका कार्यालय में लिखित में पेश कर देव। सम्पूर्ण जानकारी के लिए नगरपालिका राजगढ़ (चूरू) में सम्पर्क करें। समयावधि निकलने के पश्चात आपति विचारानीय नहीं होगी। विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. सं. | पत्रावली | नाम आवेदक<br>नामान्तरण / तामिर स्वीकृति आपति सूचना | क्षेत्रफल | पत्रावली का प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 806/ 13.08.25 | श्री तोलाराम जागिड़ पुत्र भूराराम, वार्ड नम्बर 30 मौहल्ला एमपी चौक के पास, कस्बा राजगढ़ (चूरू) | 87 वर्गमीटर | पट्टा नामान्तरण आवासीय |
| 2 | 807/ 13.06.25 | श्री सुरेश कुमार पुत्र भूराराम, वार्ड नम्बर 30 मौहल्ला एमपी चौक के पास करना राजगढ़ (चूरू) | 84.39 वर्गमीटर | पट्टा नामान्तरण आवासीय |

(राकेश कुमार अरोड़ा)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका राजगढ़ (चूरू)